अमेरिका में प्रोत्साहन पैकेज पर सहमति बनने की संभावना के बीच वैश्विक बाजार करीब पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गए। इस बीच, बाजार भागीदारों की निगाह रूस से आ रही इन खबरों पर है कि वह आधिकारिक रूप से कोरोना विषाणु के टीके का पंजीकरण कराने वाला पहला देश हो गया है। रूस ने घोषणा की है कि यह टीका इस्तेमाल के लिए तैयार है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसको लेकर कुछ संदेह जताया जा रहा है।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि दिन में उतार-चढ़ाव और कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बावजूद भारतीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। अमेरिका की ओर से प्रोत्साहन उपायों की घोषणा की उम्मीद, चीन के आर्थिक आंकड़ों में सुधार और रूस द्वारा कोरोना विषाणु के पहले टीके का पंजीकरण कराने की खबरों से वैश्विक रुख सकारात्मक रहा। इससे स्थानीय बाजारों में भी तेजी आई। हालांकि, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.23 फीसद तक के नुकसान में रहे।

वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.73 फीसद की बढ़त के साथ 45.32 डॉलर प्रति बैरल पर था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 74.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# सोने में 1,317 और चांदी में 2,943 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली, 11 अगस्त (भाषा)।

बहुमूल्य धातुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 1,317 रुपए टूटकर 54,763 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। शुक्रवार को सोने का बंद भाव 56,080 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 2,934 रुपए की हानि के साथ 73,600 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई जो पिछले कारोबारी सत्र में 76,543 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि रुपए में सुधार आने के कारण सोने में तेजी पर कुछ अंकुश लगा रहा। घरेलू शेयर बाजार में सुधार और डॉलर के कमजोर होने के बीच मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 12 पैसे सुधरकर 74.78 रुपए प्रति डॉलर (प्रारंभिक आंकड़े) पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,989 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी की कीमत गिरावट के साथ 27.90 डॉलर प्रति औंस रह गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सं०: 08/मेडि/2020-21 दिनांक 06.08.2020**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मण्डल चिकित्सालय, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिष्ठित निविदाकारों, जिनके पास पर्याप्त अनुभव हो, से दिनांक 15.09.2020 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदाकार इस तिथि एवं समय के बाद अपने मूल/संशोधित निविदा को नहीं डाल पायेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं है और ऐसे किसी भी प्राप्त ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा।

**क्र०सं० 01. कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय बादशाहनगर के बहिरंग विभाग तथा अंतरंग विभाग जिसमें 82 बेड हैं जिनका औसतम 60 बेड उपयोग होता है, इसमें आपात कालीन कक्ष, शल्य कक्ष, गहन चिकित्सा ईकाई कक्ष एवं विशिष्ट गहन चिकित्सा इकाई कक्ष स्थानो से प्रतिदिन निकले जैव अपशिष्ट को इकट्ठा करना तथा उनका इन्सीनेरेटर के माध्यम से रेलवे क्षेत्र से बाहर यान्त्रिक यातायात से उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के निर्देशानुसार करना। पूर्वोत्तर रेलवे ऐशबाग पालीक्लीनिक के बहिरंग विभाग से प्रतिदिन निकले जैव अपशिष्ट को इकट्ठा करना तथा उनका इन्सीनेरेटर के माध्यम से रेलवे क्षेत्र से बाहर यान्त्रिक यातायात से उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के निर्देशानुसार करना। **कार्य की अवधि:** कार्य शुरू करने की तिथि से तीन वर्ष तक। **कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 2,59,200.00 (दो लाख उन्सठ हजार दो सौ मात्र), **बयाना राशि –** रू. 5200.00 (पाँच हजार दो सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र की कीमत –** रू. 1,000.00 (एक हजार मात्र)

- निविदा खोलने की तिथि दिनांक 15.09.2020 को 15.00 बजे के बाद। • निविदाप्रपत्रों की वैधता अवधि – निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 45 दिन तक
- निविदा संबंधी जानकारी, नियम एवं शर्तें पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे, बादशाह नगर, लखनऊ**

**मुजाधि/विविध – 20**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# औद्योगिक उत्पादन में जून में 16.6 फीसद की गिरावट

नई दिल्ली, 11 अगस्त (भाषा)।

देश का औद्योगिक उत्पादन इस बार जून नहीने में सालाना आधार पर 16.6 फीसद घट गया। सरकारी आंकड़े के अनुसार मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली उत्पादन कम रहने से औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई।

मंगलवार को जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) आंकड़े के अनुसार आलोच्य महीने में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 17.1 फीसद जबकि खनन और बिजली उत्पादन में क्रम से 19.8 और 10 फीसद की गिरावट आई। सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद के महीनों के आइआइपी को कोरोना संक्रमण के पूर्व महीनों से तुलना करना उपयुक्त नहीं है। हालांकि मासिक आधार पर आइआइपी में सुधार हुआ है। अप्रैल में सूचकांक 53.6 था जो मई में सुधरकर 89.5 और जून में 107.8 रहा। एहतियाती उपाय और कोविड-19 महामारी रोकने के लिए पूर्णबंदी किए जाने से बड़े पैमाने पर औद्योगिक गतिविधियां मार्च, 2020 के बाद से ठप रहीं। बाद में औद्योगिक गतिविधियों में छूट दी गई, जिससे चीजें धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं।


**पलिया माण्टेसरी स्कूल**

पलिया जि0 खीरी की कमेटी के चुनाव सितम्बर में प्रस्तावित है। सदस्यता हेतु 16 अगस्त से 31 अगस्त के बीच स्कूल ऑफिस में सम्पर्क करें। **प्रबन्धक**


# जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी बढ़ाने में अहम होगा कृषि अवसंरचना कोष : किसान महासंघ

नई दिल्ली, 11 अगस्त (भाषा)।

सरकार द्वारा शुरू किया गया एक लाख करोड़ रुपए का कृषि अवसंरचना कोष (फंड) देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होगा। किसानों के संगठन एफएआइएफए के अनुसार विशेष रूप से कोरोना महामारी की वजह से आई मंदी के बीच अर्थव्यवस्था में स्थिरता बढ़ाए जाने की अपेक्षा हो रही है।

अखिल भारतीय किसान संघों के महासंघ (एफएआइएफए) ने कहा कि देश के कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की ओर ध्यान देने वाले किसानों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप कृषि प्रौद्योगिकी कंपनियों और किसान समूहों के लिए यह कोष महत्त्वपूर्ण साबित होगा। महासंघ आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात में वाणिज्यिक फसलों के किसानों और कृषि श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है।

एफएआइएफए ने एक बयान में कहा कि मौजूदा समय में कृषि, राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 14 फीसद से अधिक का योगदान करती है और देश के श्रमिकों के 40 फीसद से अधिक हिस्से को आजीविका देती है। कोविड-19 की वजह से पैदा आर्थिक मंदी के बीच 2020-21 में आर्थिक स्थिरता के लिए इसका योगदान और भी अधिक होने की उम्मीद है। किसान निकाय ने कहा कि यह कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान बढ़ाने में मदद करेगा, व्यापार संतुलन की स्थिति में सुधार करेगा, कृषि क्षेत्र की निर्यात क्षमता को प्रोत्साहित करेगा और किसानों की आय में वृद्धि कर एक स्थिर व समृद्ध जीवन सुनिश्चित करेगा।

फंड का स्वागत करते हुए एफएआइएफए के अध्यक्ष जवारे गौड़ा ने कहा कि यह कोष कृषि क्षेत्र को फसल की कटाई के बाद उसके प्रबंधन के बुनियादी ढांचे की लाभप्रद परियोजनाओं में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घावधिक ऋण वित्तपोषण की सुविधा की योजना तैयार करने में मदद करेगा और ब्याज सहायता व वित्तीय समर्थन के जरिए सामुदायिक खेती की संपत्ति बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस कोष के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष सौ वैश्विक कंपनियों में शामिल

नई दिल्ली, 11 अगस्त (भाषा)।

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज 10 स्थानों की छलांग लगाकर 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' सूची की शीर्ष सौ कंपनियों में शामिल हो गई है। फॉर्च्यून पत्रिका ने मंगलवार को यह सूची जारी की।

तेल, पेट्रो-रसायन, खुदरा और दूरसंचार जैसे क्षेत्र में काम करने वाली रिलायंस को फॉर्च्यून-2020 की वैश्विक कंपनियों की सूची में 96वां स्थान मिला है। फॉर्च्यून की शीर्ष सौ की सूची में शामिल होने वाली रिलायंस इकलौती भारतीय कंपनी है। इससे पहले रिलायंस इस सूची में 2012 में 99वें स्थान पर रही थी, लेकिन बाद के वर्षों में फिसलते हुए 2016 में 215वें स्थान पर पहुंच गई थी। हालांकि उसके बाद से लगातार रिलायंस की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' में 34 अंक फिसलकर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन 151वें स्थान पर रही। वहीं ओएनजीसी की रैंकिंग पिछले साल के मुकाबले 30 स्थान खिसककर 190वीं रही। देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक की रैंकिंग में 15 का सुधार हुआ और यह 221वें स्थान पर रहा। इस सूची में शामिल होने वाली अन्य भारतीय कंपनियों में भारत पेट्रोलियम 309वीं, टाटा मोटर्स 337वीं और राजेश एक्पोर्ट्स 462वीं रैंक पर रहीं।

'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' में कंपनियों को उनके पिछले वित्त वर्ष की कुल आय के आधार पर शामिल किया जाता है। भारत की स्थिति में कंपनियों को 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के परिणामों के आधार पर इस सूची में शामिल किया गया है। 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' में इस साल शीर्ष पर वालमार्ट रही। इसके बाद तीन चीनी कंपनियों साइनोपेक समूह, स्टेट ग्रिड और चाइना नेशनल पेट्रोलियम का स्थान रहा। सूची में पांचवें स्थान पर रॉयल डच शेल और छठे पर सऊदी अरब की प्रमुख तेल कंपनी अरामको रही। सूची में वालमार्ट, साइनोपेक और चाइना नेशनल पेट्रोलियम के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। जबकि स्टेट ग्रिड ने दो स्थान की बढ़त हासिल की और शेल दो स्थान नीचे खिसक गई।


**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**

**(CIN; U40108JH2013SGC001702)**

अभियंत्रण भवन, एच0ई0सी0, धुर्वा, राँची – 834 004

**मजदूरी दर आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, राँची के अंतर्गत विद्युत अनुसूचित दर-2020-21 (Cost Data -2020-21) का प्रकाशन किया जाना है। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के कार्यों हेतु झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, राँची के निबंधित/इम्पैनेल्ड एजेंसियों/ठेकेदार से विद्युत कार्य करने हेतु मजदूरी दर निम्न विहित प्रपत्र में आमंत्रित किया जाता है :-

| Code No. | Description | Unit | Rate without GST |
|---|---|---|---|
| | | | |

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, राँची के निबंधित/इम्पैनेल्ड एजेंसियों/ठेकेदार द्वारा प्राप्त मजदूरी दर को विभाग में सूचीबद्ध किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार की कार्यों की सूची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस/झा०बि०वि०नि०लि० की वेबसाईट www.jbvnl.co.in अथवा ई-मेल cesp.jseb@rediffmail.com पर सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

इच्छुक झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, राँची के निबंधित/इम्पैनेल्ड एजेंसियों/ठेकेदार का मजदूरी दर दिनांक 21.08.2020 के अपराह्न 3:00 बजे तक झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०, राँची स्थित मुख्य अभियंता (क्र० एवं भ०) के कार्यालय में अथवा ई-मेल cesp.jseb@rediffmail.com में जमा कर सकेंगे।

ह0/-

मुख्य अभियंता (क्र० एवं भ०)-सह-संयोजक
कॉस्ट डाटा कमिटि,
झा०बि०वि०नि०लि०, राँची।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 231650 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(20-21)D



**IndiaShelter** Apna Ghar, Apni Shaan

**पंजीकृत कार्यालय :** प्लॉट नं - 15, छठी मंजिल, सेक्टर-44, इन्सटीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा-122002
**शाखा कार्यालय :** प्रथम मंजिल, एससीओ 15, अंबाला रोड, जीरकपूर - 140603

**अचल संपत्ति हेतु आधिपत्य सूचना**

जबकि, वर्तमान में **इंडिया शेल्टर फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों के सपठित धारा 13(2) तथा 13(12) के द्वारा शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाते के सामने अंकित दिनांक को मांग सूचना जारी की गई थी तथा ऋणी एवं संपत्ति स्वामी/जमानतदार को उक्त सूचना प्राप्ति की दिनांक से 60 दिन के अंदर राशि के भुगतान हेतु निर्देशित किया गया था। चूंकि संपत्ति के स्वामी तथा अन्य राशि का भुगतान करने में चूक गए है, एतदद्वारा निम्नांकित ऋणीयों एवं सर्वसामान्यजन को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक खाते के सामने अंकित दिनांक पर कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के सपठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा **भौतिक कब्जा** प्राप्त कर लिया गया है। अतः विशेष रूप से ऋणी को एवं सर्वसामान्यजन को सामान्यतया सावधान किया जाता है कि संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार न करें एवं संव्यवहार **इंडिया शेल्टर फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के पास बंधकत्व आधार पर निम्नांकित राशि एवं ब्याज, लागत आदि आधार पर होगा।

| ऋणकर्ताओं/जमानतदार (सम्पति का मालिक) के नाम एवं पता ऋण खाता संख्या | प्रभारित/बंधक संपत्ति का विवरण (संपत्ति के शामिल समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग) | मांग सूचना दिनांक, बकाया राशि मांग सूचना दिनांक तक | सांकेतिक आधिपत्य की दिनांक |
|---|---|---|---|
| **श्रीमती राजन एवं सतीश कुमार** **दोनों का पता :** मकान नं 2253, विकास नगर मौली जागरण, चंडीगढ़ - 160102, पंजाब **खाता संख्या :** सीएचएल100006666 | संपत्ति के शेष एवं संपूर्ण भाग, भूमि क्षेत्रफल 00 बिस्वा 01 बिस्वा 10 बिस्वासी, खेवत/खतोनी नं 125/175, खसरा नं 40 (3-10) के अंदर का भाग, कित्ता 1, भूमि क्षेत्रफल : 3 बीघा 10 बिस्वा 22/1400 कि सीमा का हिस्सा जो कि 01 बिस्वा 02 बिस्वासी एवं खेवत / खतौनी नं 126/176 खसरा नं 241/215/10(0-18) के अंदर का भाग, 243/215/10(1-15) कित्ते 02, भूमि क्षेत्रफल 02 बीघा 13 बिस्वा, 2/265 कि सीमा का हिस्सा जो कि 0 बीघा 0 बिस्वा 08 बिस्वासी, कुल भूमि क्षेत्रफल 01 बिस्वा 10 बिस्वासी, ग्राम तगरा, काली राम, हदबस्त नं 145, तहसील काल्का, जिला पंचकुला (हरियाणा) पर स्थित, **चर्तु:सीमा : पूर्व** : रास्ता, **पश्चिम** : एम.सी. की भूमि, **उत्तर** : बिमला का प्लाट, **दक्षिण** : एम.सी. की भूमि | **मांग सूचना 13.01.2020 रु. 15,28,384/- (रुपये पंद्रह लाख अट्ठाइस हजार तीन सौ चौरासी)** (बकाया 31.01.2020 तक साथ ही 01.02.2020 से ब्याज के साथएवं भूगतान की तिथी तक अन्य खर्चे एवं लागत) | 10.08.2020 |

स्थान : जीरकपूर
दिनांक : 12.08.2020

वास्ते इंडिया शेल्टर फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (प्राधिकृत अधिकारी)

पूछताछ हेतु श्री विनय राणा (+91 7988605030), एवं श्री अजय गुप्ता (+91 7906826375 एवं 0124-4131812)



**जीई टीएंडडी इंडिया लिमिटेड**

असीम ऊर्जा का प्रसार

**मुख्य उपलब्धियां**

- पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से थिरुवल्लम और नेल्लोर सब-स्टेशनों पर सीरीज रिएक्टर पैकेज।
- पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से 765/400/220 केवी फतेहगढ़ II सबस्टेशन के विस्तार के लिए 6X80 एमवीएआर 765 केवी सिंगल फेज स्विचेबल लाइन रिएक्टर।
- भूटान पावर कार्पोरेशन लिमिटेड से डोछूला पर 66/11 केवी गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन।
- गुजरात ऊर्जा ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड फाइबर ऑप्टिकल ट्रांसमिशन उपकरण की आपूर्ति।
- जीई पावर इंडिया लिमिटेड से बांग्लादेश के मेघनाघाट पर 400 केवी स्विचयार्ड।
- मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के खंडवा से 125 एमवीएआर, 400 केवी रिएक्टर खंड।

**चालू की गई मुख्य परियोजनाए**

- पीजीसीआईएल के लिए चंपा कुरुक्षेत्र फेज-2 परियोजना का पोल-4। चौथे पोल के शुरु होने से, चंपा-कुरुक्षेत्र ट्रांसमिशन लिंक की क्षमता बढ़कर 6000 मेगावाट हो गई है।
- बिहार के सुपौल में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए 220/132/33 केवी एयर इंसुलेटेड सबस्टेशन।
- तेलंगाना के रामागुंडम में टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए 400 केवी सबस्टेशन के 6 खंड।

**30 जून 2020 को समाप्त तिमाही और अवधि के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

₹ मिलियन, प्रति शेयर डाटा छोड़कर

| क्र. संख्या | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2020 अलेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2019 अलेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2020 (लेखापरीक्षित)* | समाप्त वर्ष 31.03.2020 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल आय | 6,502.7 | 7,355.0 | 6,984.7 | 32,182.1 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असाधारण मदों से पूर्व) | (262.2) | 60.4 | (2,346.8) | (3,021.0) |
| 3. | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों से बाद) | (262.2) | 60.4 | (2,346.8) | (3,556.6) |
| 4. | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों से बाद) | (203.2) | 33.7 | (1,871.3) | (3,025.6) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) के लिए लाभ हानि मिलाकर] | (221.7) | 31.2 | (2,046.3) | (3,209.4) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 512.1 | 512.1 | 512.1 | 512.1 |
| 7. | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों को छोड़कर) जैसा कि पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलना पत्र में दर्शाई गई है | - | - | - | 10,002.8 |
| 8. | अवधि के लिए मूल और तनुकृत इपीएस (प्रत्येक रु 2 का अंकित मूल्य) (रुपयों में) | (0.8) | 0.1 | (7.3) | (11.8) |

*31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलित आंकड़े हैं और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष तक के आंकड़े हैं। इसके अलावा, तीसरी तिमाही के अंत तक के आंकड़ों की समीक्षा की गई और ऑडिट के अधीन नहीं।

टिप्पणी :-

क) उपर्युक्त, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए प्रस्तुत किए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रपत्र कंपनी की वेबसाइट www.ge.com/in/ge-td-india-limited तथा स्टाक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध है।

ख) उपर्युक्त अलेखापरीक्षित परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समिक्षा की गई है तथा उसे दिनांक 10 अगस्त, 2020 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया। 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित परिणाम कंपनी के वैधानिक लेखापरीक्षकों द्वारा ऑडिट किया जा चुका है।

जीई टीएंडडी इंडिया लिमिटेड के लिए
(पीताम्बर शिवनानी)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएन: 05187407

स्थान : नोएडा
दिनांक: अगस्त 10, 2020

**CIN - L31102DL1957PLC193993**
पंजीकृत कार्यालय: ए-18, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-2, नई दिल्ली-110020
फोन न: 91 11 41610660, फैक्स न: 91 11 41610659, वेबसाईट: www.ge.com/in/ge-td-india-limited


# सरकार ने 14 राज्यों को जारी किए 6,195 करोड़

नई दिल्ली, 11 अगस्त (भाषा)।

केंद्र ने मंगलवार को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के बाद राजस्व घाटा अनुदान मद में मासिक किस्त के तहत 14 राज्यों को 6,195 करोड़ रुपए जारी किए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने ट्विटर पर लिखा है- सरकार ने 11 अगस्त, 2020 को 14 राज्यों को 6,195.08 करोड़ रुपए जारी किए। यह 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के बाद राजस्व घाटा अनुदान के तहत पांचवीं किस्त है। इससे राज्यों को कोरोना संकट के दौरान अतिरिक्त संसाधन मिलेंगे। वित्त आयोग ने राज्यों को होने वाले किसी भी प्रकार के राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए व्यवस्था दी है। इसे केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के बाद राजस्व घाटा अनुदान कहा जाता है।

जिन 14 राज्यों को अनुदान दिया गया है, वे आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल हैं। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जुलाई के दौरान इतनी ही राशि जारी की गई थी।


**प्रतिशत दर ई-निविदा आमंत्रण प्रैस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यपालक अभियंता (सी), डाक सिविल प्रभाग, दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए आन लाइन प्रतिशत दर (सीपीडब्ल्यूडी-7) ई-निविदाऐं आमंत्रित हैं:

1. **एनआईटी सं.:** एनआईटी/ईईपीसीएनडी/2020-21/43 तिथि 11.8.2020

**कार्य का नाम:** एनएमएस, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 में रोड एरिया के विकास के लिये विविध सिविल कार्य

**अनुमानित लागत:** रु. 29,02,217/-
**धरोहर राशि:** रु. 58044/-
**पूर्णता अवधि:** 02 महीने

बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 24.8.2020 के 15.00 बजे तक

बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण वेबसाईट **www.dopcivil/euniwizarde.com** से प्राप्त की जा सकती है।



**वी2 रिटेल लिमिटेड** V2 Value & Variety

पंजी. कार्यालय: खसरा नं0: 928, एक्सटेंडेड लाल डोरा आबादी, विलेज कापसहेड़ा, तहसील, बसंत विहार, नई दिल्ली-110037
CIN- L74999DL2001PLC147724, फोन: 011-41771850
ईमेल आईडी: cs@vrl.net.in, वेबसाइट: www.v2retail.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन 2015 के नियमन 29 के साथ पठित नियमन 47 के अनुसार, 30 जून, 2020 को समाप्त पहली तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों को अन्य बातों के साथ, विचार, स्वीकृत और ग्रहण के उद्देश्य के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 19 अगस्त, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना को कंपनी की वेबसाइट यानि www.v2retail.com पर और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानि www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी एक्सेस किया जा सकता है।

कृते वी2 रिटेल लिमिटेड
हस्ता/-
सुधीर कुमार
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
M. No. A25125

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 11.08.2020



**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियन्ता सिविल डिवीजन-3, सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण विभाग, दिल्ली द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है:-

1. **एनआईटी: ईई/सीडी03/एनआईटी 04/2020-20**
**हैड: 2711 नाले का रखरखाव।**
कार्य का नामः गणेश पूजा उत्सव के लिए अलग-अलग स्थानों/तालाबों की व्यवस्था कराना। 36 ब्लॉक त्रिलोकपुरी, राजेश पायलट पार्क ईस्ट मयूर विहार, रेड फॉक्स होटल मयूर विहार फेज-3 के पीछे, छठ पार्क सनातन शिव मंदिर ए-2 पार्क, दुर्गा माता मंदिर के पास एमआईजी कॉम्प्लेक्स। पूर्वी दिल्ली जिला के छठ पूजा पार्क नई कोंडली (2020)। अनुमानित लागत 21,75,256.00 रु. धरोहर राशिः 43,505.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 20 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 17.08.2020 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2020_IFC_193325_1)

2. **एनआईटी: ईई/सीडी03/एनआईटी 05/2020-21**
**हैड: 2711 नाले का रखरखाव।**
कार्य का नामः गणेश पूजा उत्सव के लिए अलग-अलग स्थानों/तालाबों की व्यवस्था कराना पार्क-इन-होटल डीडीए पार्क के पीछे, कलानिकेतन पब्लिक स्कूल गाजीपुर के सामने प्राकृतिक तालाब, स्ट्रीट नंबर 4 और 5 मधु विहार के बीच चंदर विहार, मूयर ध्वज अपार्टमेंट के बीच खाली जगह। और इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप गीता कॉलोनी, ईस्ट डिस्ट्रिक्ट्स का (2020) और डीयर पार्क मुखर्जी पब्लिक स्कूल के सामने, दिलशाद गार्डन, सेंट्रल पार्क सीबीडी ग्राउंड शाहदरा, कृष्णा मार्केट पार्क, झिलमिल कॉलोनी, शाहदरा जिला का (2020)। अनुमानित लागत 27,74,774.00 रु. धरोहर राशिः 55,495.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 20 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 17.08.2020 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2020_IFC_193326_1)

3. **एनआईटी: ईई/सीडी03/एनआईटी 06/2020-21**
**हैड: 2711 नाले का रखरखाव।**
कार्य का नामः पटपड़गंज निर्वाचन क्षेत्र A.C-57 मयूर विहार फेज-1 और फेज-II और मंडावली में विभिन्न स्थानों पर अस्थाई मूर्ति विसर्जन तालाब बनाना (गणपति विसर्जन वर्ष 2020)। अनुमानित लागत 15,93,543.00 रु. धरोहर राशिः 31,871.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 20 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 17.08.2020 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2020_IFC_193327_1)

निविदा प्रपत्र व अन्य विवरण वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

हस्ता./-
अधिशासी अभियन्ता सिविल डिवीजन-3

DIP/Shabdarth/0220/20-21



**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

**परिशिष्ट – IV– ए (नियम 8 (6) का परंतुक देखें)**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी गई/प्रभारित निम्नवर्णित सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक (जो भी लागू है)' कब्जा प्रतिभूत क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, प्रतिभूत क्रेडिटर की निम्नलिखित कर्जदारों की तरफ बकाया राशि तथा ब्याज तथा लागतों इत्यादि सहित की वसूली के लिए, दिनांक 28-08-2020 को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। **बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत क्रेडिटर की वेबसाइट नामतः। www.canarabank.in में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें।**

| क्रम सं०. | उधारकर्ता/जमानती का नाम | देय राशि | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | शाखा का नाम/पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता:- श्रीमति आरती खन्ना पत्नि श्री गौरव खन्ना, पताः 21, ग्राउण्ड फ्लोर, विद्या विहार, दयानन्द नगर, सुशीला मॉडल स्कूल के पास, गाजियाबाद, उत्तर-प्रदेश। गारण्टरः- श्री लोकेश कुमार पुत्र श्री सुरेश चन्द्र, पताः मकान नं0. 3जी 64, नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर – प्रदेश। | रूपये 28,47,670.33 (अटठाईस लाख सैंतालिस हजार छः सौ सत्तर और तेतीस पैसे मात्र) दिनांक 01.08.2020 तक बकाया + आगे का ब्याज एवं प्रभार इत्यादि देय है। | आवासीय मकान, मुंसीपिल नं0. 21 ग्राउण्ड फ्लोर, वार्ड नं0. 31, आवासीय कॉलोनी, विद्या विहार, गांव नासिरपुर, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद। जिसकी माप 116.25 स्क्वेयर मीटर, मकान की माप 50 स्क्वेयर मीटर। चौहददीः पूर्वः प्लॉट नं0. 21, पश्चिमः प्लॉट नं0. 20, उत्तरः 30 फिट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः प्लॉट नं0. 23. | रूपये 45,00,000 (पैंतालिस लाख मात्र) | रूपये 4,50,000 (चार लाख पचास हजार मात्र) | शाखा वसुन्धरा, जिला गाजियाबाद यू0पी0, फोन– 0120 – 2882131 |
| 2. | उधारकर्ता:- ओम आईस फैक्ट्री, प्रो0. सत्य पाल सिंह पुत्र वेद सिंह, फारूखनगर रोड, पोस्ट निस्तोली, गाजियाबाद, यू0पी0 201006. गारण्टरः- श्री कृष्ण सिंह पुत्र रती राम, गांव और पोस्ट निस्तोली, फारूखनगर, गाजियाबाद, यू0पी0 201006. | रूपये 35,36,048.85 (पैंतिस लाख छत्तीस हजार अड़तालिस और पिचासी पैसे मात्र) दिनांक 01.08.2020 तक बकाया + आगे का ब्याज एवं प्रभार इत्यादि देय है। | भूमि और ईमारत जिसकी माप 5 बिस्वा पुख्ता, खसरा नं0. 29एम, गांव निस्तोली, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, मालिक सत्यपाल सिंह पुत्र श्री वेद सिंह। चौहददीः पूर्वः महेन्द्र सिंह की भूमि और अन्य, पश्चिमः श्री ओम आईस फैक्ट्री, उत्तरः रास्ता, दक्षिणः रामपाल की सम्पत्ति। | रूपये 72,00,000 (बहत्तर लाख मात्र) | रूपये 7,20,000 (सात लाख बीस हजार मात्र) | शाखाः फारुख नगर जिला गाजियाबाद यू0पी0, फोन– 0120 – 2682224 |

दिनांक 10.08.2020 — क्षेत्रीय कार्यालय गाजियाबाद। — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक।


www.readwhere.com